कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 08.04.2025

विषयः- थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा ट्रैक्टर चोरी के मामले में वांछित अभियुक्त विजय व एक नफर बाल अपचारी को गिरफ्तार किया गया, कब्जे से चोरी की एक अदद ट्रैक्टर बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 517/2025 धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी का सफल अनावरण करते हुए चोरी की गयी एक अदद ट्रैक्टर के साथ वांछित अभियुक्त विजय पुत्र बच्चे लाल निवासी ग्राम नेवादा थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 18 वर्ष व एक नफर बाल अपचारी उम्र लगभग 16 वर्ष को आज दिनांक 04.08.2025 को समय करीब 01.40 बजे शंकरपुर अण्डरपास के पास थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

दिनांक 03.08.2025 को वादी मुकदमा ने सन्दहा बालू मंडी में खड़ी ट्रैक्टर अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना चौबेपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 चन्द्रमोहन यादव द्वारा सम्पादित की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्त विजय से पूछताछ करने पर बताया कि मै अपने साथी के साथ मिलकर सन्दहा बालू मण्डी से ट्रैक्टर को चुराकर किसी सुरक्षित स्थान पर खड़ा कर दिये थे जहाँ पर लोगो का आना जाना कम रहता है। ट्रैक्टर को बेचने के लिये सही ग्राहक की तलाश में थे कि पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त/बाल अपचारी का विवरण-

1. विजय पुत्र बच्चे लाल निवासी ग्राम नेवादा थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 18 वर्ष।
2. एक नफर बाल अपचारी उम्र लगभग 16 वर्ष।

<u>गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-</u>

शंकरपुर अण्डरपास के पास थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी से, दिनांक 04.08.2025 को समय करीब 01.40 बजे।

<u>बरामदगी का विवरण-</u>

कब्जे से चोरी की गयी एक अदद ट्रैक्टर बरामद ।

<u>आपराधिक इतिहास-</u>

1.मु0अ0सं0 517/2025 धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार वर्मा थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 चन्द्रमोहन यादव थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 रोहित सिंह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ0नि0 अवधेश कुमार थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 सुरेन्द्र यादव थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
6. हे0का0 रमाकांत यादव थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।